देश में 20 शीर्षस्थ आयकर दाता

64. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में 20 शीर्षस्थ आयकर दाताओं के नाम क्या हैं ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इन्होंने कुल कितना आयकर अदा किया है; और

(ग) उन 20 व्यापारिक घरानों और व्यक्तियों के नाम क्या-क्या हैं जिनकी और इस समय आयकर के रूप में 25 लाख रुपये से अधिक की राशि बकाया है ?

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री और विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दिग्विजय सिंह): (क) तथा (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

(ग) जिन 20 करदाताओं की तरफ दिनांक 30-6-1990 की स्थिति के अनुसार आयकर की अधिकतम मांग बकाया थी, उनके नामों को दर्शाने वाला एक विवरण पत्र संलग्न है (नीचे देखिए) । तथापि, यह भी उल्लेखनीय है कि उनकी तरफ बकाया मांग का एक बड़ा भाग अपीलों आदि से विवादग्रस्त है । कुछ मामलों में, अदा किए गए कर/बकाया वापस अदायगियों के परिशोधन अथवा समायोजन हेतु आवेदन पत्र विचाराधीन पड़े हुए हैं।

विवरण

क्रम सं.	कर-निर्धारिती का नाम
1.	मैसर्स जी. टी. सी. इंडस्ट्रीज लिमिटेड
2.	मैसर्स इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड
3.	मैसर्स तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग
4.	मैसर्स डनलप इंडिया लि.
5.	मैसर्स वैस्टर्न कोल फील्ड लि.
6.	मैसर्स कांटीनेंटल कास्ट. लि.
7.	मैसर्स मोदी रबड़ लि.
8.	मैसर्स आर्सन इलैक्ट्रॉनिक्स लि.
9.	मैसर्स जै. के. सिन्थेटिक्स लि.
10.	श्री डब्ल्यू. एन. चड्ढा
11.	मैसर्स भारत हैवी इलैक्ट्रीकल्स लि.
12.	मैसर्स युनाइटेड बैंक आफ इंडिया
13.	मैसर्स हृदयी कारपो. एवं एच. एच. आई. के अभिकर्त्ता के रूप में मैसर्स तेल एवं प्रा तिक गैस आयोग
14.	मैसर्स एस कॉर्टस लि.
15.	श्री विनोद कुमार डिडवानिया
16.	मैसर्स इंटरनेशनल एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया
17.	मैसर्स स्टील अथारिटी आफ इंडिया लि.
18.	मैसर्स मोदी पान लि.
19.	श्री सुकरभाई एन. बाख्या
20.	मैसर्स आई. सी. आई. सी. आई. लि.

टिप्पणी : मैसर्स आई. टी. सी. लिमिटेड के मामले में लगभग 64.58 करोड़ रुपये की मांग जारी की गई थी किन्तु मांग-नोटिस तामील किए जाने से पूर्व ही कलकत्ता उच्च न्यायालय ने विभाग को कर-निर्धारण विषयक आदेशों को तथा मांग-नोटिसों को तामील करने से रोकते हुए अन्तरिम व्यादेश पारित कर दिया । इसलिए, इस मामले को उक्त सूची में शामिल नहीं किया गया है।

Nationa ised Banks identified as Sick by **RBI**

65. SHRI CHIMANBHAI MEHTA; Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it *fa* a fact that a number of nationalised banks in **the** country have